UNNAO POLICE

प्रेस नोट 01- दिनांक 26.07.2024

थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव।

फोन-पे के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई संपूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते कराई गई रिफण्ड

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में फोन-पे के माध्यम से फ्रॉड कर खाते से निकाले गए 6,000/- रू0 की संपूर्ण धनराशि थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा पीड़ित के खाते मे रिफण्ड कराई गई।

संक्षिप्त विवरण- थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव में कल्पना निवासी नुरूदी नगर थाना कोतवाली सदर उन्नाव द्वारा प्रार्थना पत्र बावत दिनांक 27.07.2024 को फोन पे के माध्यम से 6000/- रू0 का फ्रॉड होने विषयक दिया गया था। जिस पर थाना कोतवाली उन्नाव की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए फ्राड की गयी 6000/- रू0 की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता के खाते में रिफण्ड करायी।

कार्यवाही करने वाली टीम-

1.अपराध निरीक्षक राजेश यादव थाना कोतवाली सदर ,जनपद-उन्नाव।

2.व0उ0नि0 बृजेश कुमार यादव थाना कोतवाली सदर ,जनपद-उन्नाव।

3.महिला आरक्षी सोनिया शर्मा, थाना कोतवाली सदर ,जनपद-उन्नाव।

प्रेस नोट 02- दिनांक 26.07.2024

थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव।

हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा हत्या के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 15.07.2024 को वादी मुकदमा श्री शैलेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 वासुदेव सिंह नि0 म0नं0 926 सिविल लाइन दरोगाबाग थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव की लिखित तहरीर बावत वादी के भाई देवेन्द्र सिंह की अभियुक्तगण एकराय होकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में अन्तर्गत धारा 103(1)/61(2) /3(5) BNS बनाम राजीव श्रीवास्तव आदि 04 नफर व कुछ लोग अज्ञात पंजीकृत कराया गया। आज दिनांक 26.07.2024 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र श्री स्व0 दिनेश प्रताप श्रीवास्तव उम्र करीब 32 नि0 439 मिश्रा कालोनी सिविल लाइन थाना कोतवाली उन्नाव को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त का विवरण-

अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र श्री स्व0 दिनेश प्रताप श्रीवास्तव उम्र करीब 32 नि0 439 मिश्रा कालोनी सिविल लाइन थाना कोतवाली उन्नाव

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

प्र0नि0 प्रमोद कुमार मिश्र थाना कोतवाली सदर उन्नाव

का0 अंकेश यादव

का0 विपिन कुमार